हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)

No-BSEH/08/Sec/co/2023 Date-19-05-2023

Notification No-04/2023

सैकेण्डरी के नियमित/स्वंयपाठी परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम दिनांक 16.05.2023 को घोषित किया जा चुका है। इस परीक्षा के आधार पर कम्पार्टमैंट/आंशिक अंक सुधार/पूर्ण विषय अंक सुधार/अतिरिक्त विषय परीक्षा जुलाई–2023 हेतु बोर्ड वैबसाईट www.bseh.org.in पर उनके आनॅ–लाइन आवेदन आरम्भ होंगे, जिनका शुल्क एवं तिथियां निम्न प्रकार होंगीः–

850/–रूपये बिना विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथिः–23.05.2023 से 31.05.2023

100/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित आवेदन करने की तिथिः–01.06.2023 से 05.06.2023

300/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित आवेदन करने की तिथिः–06.06.2023 से 10.06.2023

1000/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित आवेदन करने की तिथिः–11.06.2023 से 15.06.2023

उपरोक्त के अतिरिक्त सैकेण्डरी (शैक्षिक) परीक्षा मार्च–2022 की परीक्षाओं में अपीयर ऐसे परीक्षार्थी जिनका मुख्य परीक्षा परिणाम तो पास था लेकिन किसी एक अनिवार्य विषय (गणित, सामाजिक विज्ञान व विज्ञान विषय) में फेल रहे थे व किन्हीं कारणों से समय रहते स्थानान्तरित फेल अनिवार्य विषय की परीक्षा अभी तक उत्तीर्ण नहीं कर पाए, ऐसे परीक्षार्थियों को स्थानान्तरित फेल अनिवार्य विषय की परीक्षा देने हेतु ऑन–लाईन आवदन करने के लिए 5000/रु0 एक मुश्त परीक्षा शुल्क के साथ एक विशेष अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे परीक्षार्थी दिनांक 23.05.2023 से दिनांक 15.06.2023 तक बोर्ड वैबसाईट **www.bseh.org.in** पर दिए गए लिंक पर पिछला अनुक्रमांक दर्ज करते हुए ऑन–लाईन आवेदन फार्म भर सकते हैं।

सफल आनॅ–लाईन आवेदन से अभिप्रायः है कि आवेदन के साथ–साथ परीक्षा शुल्क का बोर्ड द्वारा निर्धारित बैंक खाते में ऑन–लाईन शुल्क का समायोजन होना। इसलिए समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें अन्तिम तिथि उपरान्त कोई अतिरिक्त समय देय नहीं होगा। आवेदन के समय किसी प्रकार की कठिनाई आने पर बोर्ड वैब साईट पर जारी हैल्पलाईन नम्बर/ई0मेल पर सम्पर्क करते हुए समाधान करना सुनिश्चित करेंगें।

सचिव

–हस्ता0–

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

(आई0एस0ओ0 9001:2015 प्रमाणित संस्थान)

प्रेषक:	सेवा में,
सचिव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी।	सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक/स्वंयपाठी।

क्रमांक: 262/सी0सै0/स0स0 दिनांक : 19.05.2023

विषय:–सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा जुलाई–2023 लिए ऑन–लाईन आवेदन बारे

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापकों/स्वंयपाठी परीक्षार्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है कि:–

सीनियर सैकेण्डरी के नियमित/स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम दिनांक 15.05.2023 को घोषित किया जा चुका है। इस परीक्षा के आधार पर जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम कम्पार्टमैंट घोषित हुआ है तथा जो परीक्षार्थी एक विषय में कम्पार्टमैन्ट/आंशिक अंक सुधार तथा एक ही अतिरिक्त विषय की परीक्षा देना चाहते हैं, की परीक्षा जुलाई–2023 हेतु बोर्ड वैबसाईट www.bseh.org.in पर ऑन लाईन आवेदन आरम्भ होंगे, जिनका शुल्क एवं तिथियां निम्न प्रकार होंगी:–

850/रूपए बिना विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथि:–	23.05.2023 से 31.05.2023
100/रूपए विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथि:–	01.06.2023 से 05.06.2023
300/रूपए विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथि:–	06.06.2023 से 10.06.2023
1000/रूपए विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथि:–	11.06.2023 से 15.06.2023

आवेदन के साथ–साथ परीक्षा शुल्क का बोर्ड द्वारा निर्धारित बैंक खाते में ऑन–लाईन शुल्क का समायोजन होना आवश्यक है। इसलिए समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें अन्तिम तिथि उपरान्त कोई आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा। आवेदन के समय किसी प्रकार की कठिनाई आने पर बोर्ड वैब साईट पर जारी हैल्पलाईन नम्बर/ई0मेल पर सम्पर्क करते हुए समाधान करना सुनिश्चित करेंगें।

अतः सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक/स्वयंपाठी परीक्षार्थी उपरोक्त वर्णित अनुसार समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें इसके उपरान्त किसी भी प्रतिवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा, जिसके लिए विद्यालय मुखिया/स्वयंपाठी परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें।

भवदीय,

सहायक सचिव (सी0सै0)
कृत्त : सचिव